# लखनऊ और उन्नाव के बीच विकसित होगा औद्योगिक शहर

## इंडस्ट्री विभाग ने एक्स लीडा 2041 के मास्टर प्लान को दी मंजूरी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** लखनऊ और उन्नाव से सटे एक्स लीडा क्षेत्र में इंडस्ट्री विभाग एक नई टाउनशिप विकसित करेगा। इस हाईटेक टाउनशिप में इंडस्ट्रियल एरिया के साथ-साथ आवासीय टाउनशिप भी बसाई जाएगी। इंडस्ट्री विभाग ने एक्स लीडा के मास्टर प्लान 2041 को मंजूरी दे दी है। ये पूरा क्षेत्र भविष्य की जरूरतों के मुताबिक तैयार किया जाएगा। इसका कुल क्षेत्रफल 30,767.81 हेक्टेअर होगा। इस औद्योगिक शहर के विकसित होने से लखनऊ-कानपुर-उन्नाव में औद्योगिक गतिविधियां तेज होंगी। इसमें 31.59% औद्योगिक और 21.32% आवासीय क्षेत्र होगा। यह औद्योगिक क्षेत्र एनएच-27 और एनएच-230 के बीच विकसित किया जाएगा।




मास्टर प्लान 2041 के तहत पूरे क्षेत्र को पांच जोन में बांटा जाएगा। इसमें जोन ए में मिक्स्ड डिवेलपमेंट होगा। वहीं, जोन-बी में रेजिडेंशियल डिवेलपमेंट होगा। जोन-सी में वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक डिवेलपमेंट और जोन-डी में नवाबगंज बर्ड सेंक्चुरी के पास मिक्स्ड डिवेलपमेंट यूपीसीडा द्वारा किया जाएगा। साथ ही जोन-ई का हिस्सा गंगा एक्सप्रेस-वे से सटा होगा, जिसमें इंडस्ट्रियल और वेयरहाउसिंग हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

### किस सेक्टर में कितने क्षेत्र का इस्तेमाल

| | |
|---|---|
| रेजिडेंशियल | 6,560.45 |
| मिक्स्ड यूज | 693.96 |
| कमर्शल | 1,003.32 |
| इंडस्ट्रियल | 9,718.83 |
| पीएसपी | 2,473.30 |
| पार्क/ओपन स्पेस | 2,432.28 |
| ग्रीन बफर | 1,630.82 |
| फॉरेस्ट | 161.12 |
| ट्रैफिक एंड ट्रांस. | 2,916.72 |
| एग्रीकल्चर | 573.27 |
| वॉटर बॉडी | 600.38 |

*(क्षेत्र हेक्टेअर में)*

**अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा :** ये शहर सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। यूपीसीडा के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक इस पूरे शहर में इनोवेशन और तकनीक का खास प्रयोग किया जाएगा। शहर में स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन, सिटी सर्विसेज के लिए ऑनलाइन पोर्टल और जनता के फीडबैक के लिए मोबाइल ऐप होगा। इतना ही नहीं यातायात प्रबंधन के लिए सेंसर का इस्तेमाल किया जाएगा।

**आईटी कंपनियों का गढ़ बनेगा पूरा क्षेत्र :** पूरे क्षेत्र में वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स के केंद्र विकसित करने के साथ ही आईटी कंपनियों के लिए भी जगहें आवंटित की जाएंगी, जिससे रोजगार के बेहतर अवसर मुहैया हो सकें। पूरे क्षेत्र को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि कनेक्टिविटी के लिए लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे के साथ गंगा एक्सप्रेस-वे की कनेक्टिविटी भी मिलेगी। लीडा में 84 गांव शामिल हैं, जिसमें लखनऊ के 45 और उन्नाव के 39 गांव हैं।